# हारे का सहारा तू | by Arihant Kankariya

ओ मोरछड़ी वाले कब तक तेरी राह तकूँ
लाज बचा ले बाबा हारे का सहारा तू

कैसे कहूं तुझे कितना मैं चाहूँ
हर पल मैं बाबा तुम्ही को बुलाऊँ
तुम बिन जिया मोरा लागे कहीं ना
चरणों से तेरे कहीं नहीं जाऊं
ओ शीश के दानी मेरे तेरी खातिर आया हूँ
बिगड़ी बनादे बाबा हारे का सहारा तू
लाज बचा ले बाबा हारे का सहारा तू

रींगस के कण कण में तुम्ही हो समाये
भक्तों के दिल में तुम्ही हो बसाये
आता रहूँगा, वादा है मेरा
जब जब तू मुझको खाटू बुलाये
दिन भर तुम साथ मेरे, सपनो में भी आया करो
किस्मत बना दे बाबा हारे का सहारा तू
लाज बचा ले बाबा हारे का सहारा तू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-by-arihant-kankariya/